पानी बचाने को एक मंच पर आया हर तबका

- नव प्रावि ओहदार टोली में होली को ले जल बचाओ कार्यक्रम आयोजित

होली को ले पानी बचाने का संकल्प लेते बच्चे, ग्रामीण व मजदूर।

लोहरदगा, जासं : संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत सदर प्रखंड के भटखिजरी पंचायत अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय ओहदार टोली में जल बचाओ होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग एक मंच पर आए और होली में पानी की बर्बादी नहीं करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चे, स्थानीय मजदूर, किसान एवं ग्रामीण महिला-पुरुषों ने पानी के महत्व को समझते हुए होली के मौके पर पानी की बर्बादी नहीं कर इसे बचाने का संकल्प लिया।

मौके पर उप मुखिया सुरेन्द्र लोहरा ने कहा कि आज की परिस्थिति में पानी की एक-एक बूंद हर लोगों की जरूरत है। इसलिए होली जैसे महान पर्व में भी पानी की बर्बादी रोकना सबका कर्त्तव्य बनता है। संपूर्ण स्वच्छता अभियान के जिला समन्वयक मनोज चन्द्र कुंवर ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली में जल का संरक्षण करने की प्रतिज्ञा लेने से बेहतर कुछ भी नहीं हो सकता है। पानी का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। जिससे आने वाली पीढ़ी को पानी मिलना मुश्किल हो जाएगा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुजाता कुंवर ने होली के मौके पर ग्रामीणों से पानी बर्बाद नहीं करने की अपील की।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाएं जिलेवासी : डीसी-एसपी

लोहरदगा, जासं : होली का त्योहार जिले ही नहीं बल्कि देश एवं राज्य भर में साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाया जाता है। बावजूद कई जगहों पर विस्फोट एवं उग्रवादी गतिविधियों के मद्देनजर सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इस पर प्रशासन पूरी तरह सजग व पैनी नजर रखे हुए है। डीसी रतन कुमार एवं एसपी जितेन्द्र कुमार सिंह ने जिलेवासियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का त्योहार मनाने की अपील की है। डीसी-एसपी ने होली को ले संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी कर डाली है। इन्हें विधि व्यवस्था में समस्या उत्पन्न होने पर सख्ती से निपटने का निर्देश दिया गया है। साथ ही दंडाधिकारी व पुलिस अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने के साथ-साथ परिस्थिति अनुसार स्वविवेक काम करने और इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को भी देने को कहा गया है। डीसी-एसपी के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अफवाहों पर निगरानी एवं शांति बनाए रखने हेतु सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में एहतियात के तौर पर दप्रस की धारा 144 लागू रहेगा। साथ ही दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को कानूनी प्रावधान एवं सरकारी नीति के अनुरूप साम्प्रदायिक स्थिति से निपटने के लिए यदि पुलिस बल का प्रयोग करना पड़े तो इसमें हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। सूचना प्राप्त करने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित करने, होली के दौरान जिले के सभी शराब दुकानों को बंद रखने एवं वायरलेस सेट 24 घंटे खुला रखने, सशस्त्र बल को भीड़ से दूर रखने समेत कई निर्देश जारी किए गए हैं।

लोहरदगा

होली पर पानी बरबाद नहीं करने का संकल्प लिया

नव प्राथमिक ओहदार टोली के विद्यार्थियों ने लोगों को किया जागरूक

प्रतिनिधि ▪ लोहरदगा

संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत सदर प्रखंड के भट्टखिजरी पंचायत में नव प्राथमिक ओहदार टोली के छात्रों ने होली के दिन पानी बरबाद नहीं करने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुजाता कुंवर ने होली के अवसर पर छात्रों एवं ग्रामीणों से जल बरबाद नहीं करने की अपील की.

पंचायत के उपमुखिया सुरेंद्र लोहरा ने लोगों से अपील की कि वे जल के एक-एक बूंद का महत्व समझें और होली जैसे महान पर्व पर जल की बरबादी रोके. जिला समन्वयक मनोज चंद्र कुंवर ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि होली जैसे पर्व पर जल का संरक्षण करें, पानी को बरबाद नहीं करें. स्वच्छता के साथ-साथ जल के एक-एक बूंद महत्वपूर्ण है. पानी का जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है.
विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा इस अवसर पर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया. वे अपने अभिभावकों को जल की रक्षा करने की बात भी कहीं. कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा विद्यालय की शिक्षिका जया कुमारी, सोबरण उरांव आदि उपस्थित थे.

कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी. फोटो। प्रभात खबर

बाजारों में चहल-पहल बढ़ी

भंडरा (लोहरदगा): होली की तैयारी लोगों द्वारा की जा रही है. बाजार में चहल-पहल बढ़ गयी है. लोग घरों की साफ-सफाई कर रहे हैं. रंगों का त्यौहार होली असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है.

वहीं दूसरी ओर नववर्ष के आगमन का स्वागत भी किया जाता है. कपड़ा, किराना, जूता-चपल, दर्जी के दुकान, पटाखों, रंग-अबीर, पिचकारी की दुकानें सजने लगी है. इस त्यौहार को लेकर बच्चों में खास उत्साह है. गांव-गांव के अखाड़ों में ढोल एवं नगाड़ों के साथ होली की गीत गाये जा रहे हैं.

होली के रंग में रंगने लगा जिला

[illegible] विद्यार्थी फोटो। प्रभात खबर